# मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा से बिहार विकास पथ पर होगा अग्रसर : विजय



नियुक्ति पत्र देते उपमुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा.

- अधिवेशन भवन में नवनियुक्त 487 जेइ को दिया गया नियुक्ति पत्र

**संवाददाता, पटना**

**उपमुख्यमंत्री** सह पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा से बिहार प्रगति पथ पर अग्रसर होगा. 7741 करोड़ रुपये की लागत से पथ निर्माण विभाग की 67 योजनाओं को कैबिनेट से मंजूरी मिली है. अब साढ़े तीन घंटे में राज्य के हर हिस्से से पटना की यात्रा सुनिश्चित कराना हमारा लक्ष्य है. उपमुख्यमंत्री ने यह बातें बुधवार को पथ निर्माण विभाग के अंतर्गत नवनियुक्त 487 कनीय अभियंताओं को अधिवेशन भवन में नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद कहीं. उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कई वर्षों के बाद पथ निर्माण विभाग के अंतर्गत इतनी बड़ी संख्या में कनीय अभियंताओं की नियुक्ति की गयी है. इससे विभाग की कार्य क्षमता बढ़ेगी और प्रगतिशील योजनाओं को समय पर पूरा करने में मदद मिलेगी. उन्होंने कहा कि प्रगति यात्रा के दौरान सड़कों और पुल-पुलियों को लेकर मुख्यमंत्री की घोषणाओं के अनुरूप तय समय पर निर्माण के लिए विभाग प्रतिबद्ध है. इससे आमजनों की यात्रा सुगम होगी. यह सरकार की प्राथमिकता है. उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रगति यात्रा के अंतर्गत अभी कई जिलों की यात्रा बची हुई है. उन जिलों में सड़क-पुल-पुलिया के लिए होने वाली घोषणाओं पर विभाग त्वरित गति से काम करेगा. मुख्यमंत्री के संकल्प के तहत बिहार के किसी कोने से पटना की यात्रा चार घंटे में पूरा किये जाने पर विभाग को काम करना है.